# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

Follow us on

2 Aug 2023



B.N. Dubey
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam

Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

BABA PSYCHO

## 2 अगस्त का इतिहास

- **2763 :** मिर्शदाबाद पर कब्जा करने के बाद ब्रिटिश सेना का पश्चिम बंगाल के गिरिया में मीर कासिम से युद्ध हुआ।
- **2935 :** ब्रिटिश सरकार ने भारत सरकार अधिनियम पारित कर बर्मा ओर अदन को भारत से अलग किया।
- **2955 :** सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- **2002 :** पाकिस्तान से भारत से चीनी आयात को मंजूरी दी।
- **2003 :** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लाइबेरिया में संघर्ष विराम लागू करने के लिए सेना भेजने की अनुमति दी।

## 2 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक एसके मिश्रा को 25 सितंबर तक ईडी निदेशक पद पर बने रहने की अनुमति दी। केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक के तौर पर एसके मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दे दी हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह वर्तमान ईडी निदेशक के कार्यकाल के विस्तार की मांग करने वाले केंद्र के किसी भी अन्य आवेदन पर विचार नहीं करेगी।
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने ग्लोबल ट्रेड ग्रुप्स की दिलचस्पी को देखते हुए वोस्ट्रो अकाउंट खोलने की अनुमति दी हैं। इसके बारे में बताते हुए सरकार ने कहा कि रिजर्व बैंक ने लोकल करेंसी को बढ़ावा देने के लिए देश में कार्यरत 20 बैंकों को 22 देशों के साझेदार बैंकों के साथ वोस्ट्रो अकाउंट खोलने की अनुमति दी हैं। ट्रेड सेटलमेंट के लिए वोस्ट्रो अकाउंट की मदद ले सकेंगे और रूपये में ये ट्रेड कर सकेंगे।
- वैज्ञानिको ने एक ऐसा रोबोट बनाया है जो सामग्री परीक्षण अधिक कुशलता से कर सकता हैं। मैटर जर्नल में प्रकाशित एक नई रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों ने परीक्षणों में नई अर्धचालक सामग्री विकसित करने के लिए रोबोट बनाए हैं। वैज्ञानिकों ने रोबोमैपर को सामग्रियों का एक सेट दिया और उसे मिश्र धातु विकसित करने के लिए कहा इसने 250 विभिन्न संयोजन बनाई और उन पर विभिन्न परीक्षण चलाएं। रोबोमैपर वैज्ञानिकों को बहुत कम समय में सामग्री परीक्षण करने में मदद करेगा। इससे लागत और ऊर्जा भी कम होगी और पूरी प्रक्रिया अधिक टिकाऊ हो जाएगी।
- नीति आयोग वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हरित और सतत विकास एजेंडा पर जी-20 सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हरित और सतत विकास की संभावनाओं की जांच करना हैं। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हरित और सतत विकास के लिए चुनौतियों की जांच करना भी हैं। इस कार्यशाला में लगभग 40 प्रमुख विचारक भाग लिये।
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने संसाधन दक्षता और चक्रीय अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन का शुभारंभ किया।
- कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन सेन चार दशकों के बाद पद छोड़ेंगे और अपने बेटे को सत्ता सौंपेंगे। दुनिया के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेताओं में से एक हुन सेन, लगभग चार दशकों के बाद इस्तीफा देंगे और अपने सबसे बड़े बेटे को सत्ता सौंपेंगे। हुन सेन ने 2998 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था। वह कंबोडिया सरकार के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रमुख हैं। हुन मानेट 22 अगस्त को नई सरकार के प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में पद छोड़ने के बाद हुन सेन सीनेट के अध्यक्ष बन जाएंगे ओर राजा के विदेश में होने पर राज्य के प्रमुख रूप में कार्य करेंगे।
- मणिपुर मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार के खिलाफ कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति की ओर से लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव को नोटिस पेश किया गया हैं। इस बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लोकसभा उपाध्यक्ष और उत्तर पूर्व नेता गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया हैं।
- केनरा बैंक एक बार फिर लगातार पांचवें वर्ष राज्य के स्वामित्व वाले निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को ऋण देने में अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में उभरा है। वित मंत्रालय ने एमपी वेलुसामी पी द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में खुलासा किया कि वितीय वर्ष 2022-2023 के दौरान सरकार समर्थित संस्थाओं को केनरा बैंक का ऋण प्रभावशाली 287823 करोड़ तक पहुंच गया।
- बॉम्बे हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय की नियुक्ति को केंद्र सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर अधिसूचित कर दिया गया है, जबकि न्यायमूर्ति धीरज सिंह ठाकुर को आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया हैं। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय बॉम्बे उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति नितिन मधुकर जामदार का स्थान लेंगे।
- श्रीलंकाई मूल की ऑस्ट्रेलियाई लेखिका शंकरी चंद्रन ने माइल्स फ्रैंकलिन साहित्यिक पुरस्कार 2023 जीता। उन्होंने अपनी पुस्तक चाई टाइम एट सिनामन गार्डन्स के लिए पुरस्कार जीता।

# BABA PSYCHO

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**2. विश्व स्तनपान सप्ताह दिवस कब से कब तक मनाया जाता है ?**

(A) 2 से 6 अगस्त तक (B) 2 से 7 अगस्त तक
(C) 2 से 8 अगस्त तक (D) 3 से 9 अगस्त तक

**(B)** विश्व स्तनपान सप्ताह प्रत्येक वर्ष 2 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जाता हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान एवं कार्य को दृढ़तापूर्वक एकसाथ करने का समर्थन देता है साथ ही इसका यह उद्देश्य है कि कामकाजी महिलाओं को उनके स्तनपान संबंधी अधिकार के प्रति जागरूकता प्रदान करना है।



**2. हाल ही में एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन कब से कब तक आयोजित किया जा रहा है ?**

(A) 28 जुलाई से 5 अगस्त तक
(B) 29 जुलाई से 6 अगस्त तक
(C) 32 जुलाई से 8 अगस्त तक
(D) 2 अगस्त से 20 अगस्त तक

**(A)** एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप भारत में पहली बार गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जा रही हैं। इसका आयोजन 28 जुलाई से 5 अगस्त तक किया जाएगा। इस आयोजन में खेलो इंडिया के कई एथलीटों सहित 30 भारतीय भारोत्तोलक भाग लेंगे। टूर्नामेंट में एशियाई क्षेत्र के 25 देशों के 200 एथलीट भाग ले रहे हैं।

**3. हाल ही में एशियाई विकास बैंक और भारत की केंद्र सरकार द्वारा कितने मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए ?**

(A) 99 मिलियन (B) 250 मिलियन
(C) 295 मिलियन (D) 325 मिलियन

**(C)** एशियाई विकास बैंक और भारत की केंद्र सरकार द्वारा 295 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझोते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बिहार में लगभग 265 किलोमीटर के राज्य राजमार्गो को जलवायु और आपदा-लचीले डिजाइन ओर सड़क सुरक्षा तत्वों के साथ उन्नत करने के लिए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना का उद्देश्य सभी राज्य राजमार्गो को मानक दो-लेन चौड़ाई में अपग्रेड करने और सड़क सुरक्षा में सुधार करने के लिए बिहार सरकार के कार्यक्रम का समर्थन करना है।




**4. हाल ही में वर्ल्ड सिटीज कल्चर फोरम में शामिल होने वाला पहला भारतीय शहर कौनसा बन गया ?**

(A) मुंबई (B) बेंगलुरु
(C) नई दिल्ली (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** बेंगलुरु को वर्ल्ड सिटीज कल्चर फोरम में शामिल किया गया हैं। यह शहरों का एक वैश्विक नेटवर्क है जो अनुसंधान और बुद्धिमता जानकारी साझा करता है, और भविष्य की समृद्धि में संस्कृति की भूमिका का पता लगाता हैं। इस नेटवर्क में वर्तमान में छह महाद्वीपों के 40 शहर हैं। बेंगलुरु इस लीग में शामिल होने वाला नवीनतम शहर है।

**5. MAI योजना किस केंद्रीय मंत्रालय से संबंधित है ?**

(A) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(B) जल शक्ति मंत्रालय
(C) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** स्टार्टअप और नए निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने के लिए हवाई किराया प्रतिपूर्ति प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए MAI (Market Access Initiatives) योजना को अपडेट किया गया है, और मौजूदा निर्यातकों को अब इस प्रोत्साहन के लिए 20% अधिक सीमा प्राप्त होगी।

Asian Development Bank

सत्यमेव जयते
Ministry of Commerce & Industry
Government of India

**6. राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार किस मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है ?**

(A) रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

(B) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(C) खान मंत्रालय

(D) नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

**(C)** हाल ही में भारत की राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2022 प्रदान किये। इस बार लाइफटाइम अचीवमेंट के लिये राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार डॉ. ओम नारायण भार्गव को प्रदान किया गया, जो पिछले चार दशकों में हिमालय में अपने अग्रणी काम के लिये जाने जाते हैं।




**7. हाल ही में पीएम मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति से 23वां संशोधन लागू करने का आग्रह किया ?**

(A) जापान (B) श्रीलंका

(C) इंग्लैंड (D) रूस

**(B)** श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने श्रीलंका संविधान में 23वें संशोधन को लागू करने की आशा व्यक्त की जो भारत श्रीलंका समझौते 2987 से आता हैं। 2980 के दशक की शुरूआत से श्रीलंका तेजी से हिंसक संघर्ष का सामना कर रहा था।



**8. हाल ही में भारत के 83वें ग्रैंडमास्टर कौन बने है ?**

(A) संकल्प गुप्ता (B) हर्षित राजा

(C) सुरेश कुमार (D) आदित्य सामंत

**(D)** हाल ही में आदित्य एस सामंत महाराष्ट्र के 27 वर्षीय शतरंज के प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत के 83वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने से पहले उनके पास इंटरनेशनल मास्टर का खिताब था। बील शतरंज एमटीओ 2023 टूर्नामेंट में उनका सामना नौवें राउंड में साथी भारतीय खिलाड़ी आर्यन चौपड़ा से हुआ।



**9. हाल ही में कौनसा केंद्रीय मंत्रालय आयुष्मान भव कार्यक्रम की शुरूआत कर रहा है?**

(A) गृह मंत्रालय (B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(C) संस्कृति मंत्रालय (D) जल शक्ति मंत्रालय

**(B)** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सभी राज्य-संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भव कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहा है, ताकि सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी हर इच्छित लाभार्थी स्वास्थ्य योजनाओं तक पहुंच सके। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं की व्यापक और व्यापक कवरेज प्रदान करना है।

**20. हाल ही में हेली समिट 2023 और आरसीएस उड़ान-5.2 का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) केरल (D) उत्तराखंड

**(A)** केंद्रीय नागरिक उड्डयन ओर इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मध्य प्रदेश के खजुराहों में हेली शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया है। साथ ही आरसीएस उड़ान 5.2 और हेली सेवा ऐप को भी लॉन्च किया। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय हेलीकॉप्टर एवं लघु विमान उद्योग के विकास गाथा पर चर्चा करने के लिये उद्योग के सभी हितधारकों और नीति निर्माताओं के लिये एक साझा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है।